1 ‘अन्वीक्षण’ में प्रयुक्त स्वर सन्धि है-

(A) यण् (B) दीर्घ

(C) अयादि (D) गुण

(E) अनुत्तरित प्रश्न

2 निम्नलिखित में से किसमें स्वर संधि नहीं है?

(A) मतैक्य (B) भवन

(C) नायिका (D) शब्द

(E) अनुत्तरित प्रश्न

3 काल के आधार पर क्रिया के कितने मुख्य भेद होते हैं?

(A) दो (B) तीन

(C) सात (D) आठ

(E) अनुत्तरित प्रश्न

4 If ‘MEDICAL’ is written as ‘DEMILAC’ in a certain code language, then how is ‘COMPILE’ written in that code?

यदि ‘MEDICAL’ को एक कोड भाषा में ‘DEMILAC’ लिखा जाता है, तो ‘COMPILE’ को उस कोड में कैसे लिखा जाएगा?

(A) MOCPELO (B) MOCQELI

(C) OMCPILE (D) MOCPELI

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

5 If the series $S=1+\frac{1}{1+2}+\frac{1}{1+2+3}+\frac{1}{1+2+3+4}+.......$, then sum of its infinite terms is:

यदि श्रेणी $S=1+\frac{1}{1+2}+\frac{1}{1+2+3}+\frac{1}{1+2+3+4}+.......$, तब श्रेणी के अनन्त पदों का योग है:

(A) $\frac{1}{2}$ (B) 1

(C) $\frac{3}{2}$ (D) 2

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

6 Some girls are standing in a queue. If Kavita who is $11^{th}$ from the left end and Babita who is $9^{th}$ from the right end interchange their positions, Kavita becomes $15^{th}$ from the left end. How many girls are there in the queue?

कुछ लड़कियाँ एक पंक्ति में खड़ी हैं। कविता बायें छोर से 11वें स्थान पर है और बबिता दाहिने छोर से 9वें स्थान पर है। यदि उनके स्थानों को परस्पर बदल दिया जाये तो कविता बायें छोर से 15वें स्थान पर आ जाती है, तो पंक्ति में कुल कितनी लड़कियाँ हैं?

(A) 21 (B) 23

(C) 25 (D) 27

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

7 Some students are standing in a row facing in same direction. If the position of John from left is 32 and from right is 15, then how many students are there in the row?

कुछ विद्यार्थी एक पंक्ति में एक ही दिशा में मुख करके खड़े है। यदि जॉन का स्थान बायी ओर से 32वाँ है तथा दायी ओर से 15वाँ है तो पंक्ति में विद्यार्थियों की संख्या कितनी है?

(A) 45 (B) 47

(C) 46 (D) 48

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

8 Vikram Sarabhai Space Centre is located at-

(A) Bengaluru
(B) Thiruvananthapuram
(C) Sriharikota
(D) Hyderabad
(E) Question not attempted

विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (अंतरिक्ष केंद्र) स्थित है-

(A) बेंगलुरु
(B) तिरुवनंतपुरम
(C) श्रीहरिकोटा
(D) हैदराबाद
(E) अनुत्तरित प्रश्न

9 A coil of wire has an area of 600 sq cm and has 500 turns. If it carries 1.5 A current, its magnetic dipole moment is -

(A) 10 $Am^2$
(B) 15 $Am^2$
(C) 30 $Am^2$
(D) 45 $Am^2$
(E) Question not attempted

एक 500 फेरों की तार की कुण्डली का क्षेत्रफल 600 वर्ग सेमी है। यदि कुण्डली में 1.5 ऐम्पियर वैद्युत धारा का प्रवाह होता है, तो कुण्डली का चुम्बकीय द्विध्रुव आघूर्ण है -

(A) 10 ऐम्पियर मीटर$^2$
(B) 15 ऐम्पियर मीटर$^2$
(C) 30 ऐम्पियर मीटर$^2$
(D) 45 ऐम्पियर मीटर$^2$
(E) अनुत्तरित प्रश्न

10 When the cornea is not spherical in shape, the defect of vision in this eye is called -

(A) Myopia
(B) Hypermetropia
(C) Astigmatism
(D) Cataract
(E) Question not attempted

जब कोर्निया (स्वच्छमंडल) गोलाकार नहीं होता है, तो इस प्रकार के नेत्र में दृष्टि का दोष होता है-

(A) मायोपिया (निकटदृष्टि)
(B) हाइपरमेट्रोपिया (दूरदृष्टि)
(C) एस्टिग्मेटिज्म (अबिंदुकता)
(D) कैटेरेक्ट (मोतियाबिंदु)
(E) अनुत्तरित प्रश्न

11 निम्नलिखित में अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम है-

(A) हम
(B) मैं
(C) वे
(D) आप
(E) अनुत्तरित प्रश्न

12 निम्नलिखित में जातिवाचक संज्ञा नहीं है-

(A) ठगी
(B) विद्वान
(C) गाँव
(D) सती
(E) अनुत्तरित प्रश्न

13 सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| | **सूची-I (वाक्य)** | | **सूची-II (क्रिया)** |
|---|---|---|---|
| a. | राम रोटी खाता है। | I. | संयुक्त क्रिया |
| b. | वेदांत पढ़ता है। | II. | प्रेरणार्थक क्रिया |
| c. | शिक्षक विद्यार्थी से किताब पढ़वाता है। | III. | अकर्मक क्रिया |
| d. | वह लड़का चल बसा। | IV. | सकर्मक क्रिया |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) a - II, b - I, c - III, d - IV
(B) a - IV, b - II, c - I, d - III
(C) a - IV, b - III, c - II, d - I
(D) a - III, b - IV, c - I, d - II
(E) अनुत्तरित प्रश्न

14 सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| | **सूची-I (शब्द)** | | **सूची-II (विपरीतार्थक शब्द)** |
|---|---|---|---|
| a. | ऊर्ध्व | I. | मधुर |
| b. | अवसान | II. | अधः |
| c. | तिक्त | III. | आरंभ |
| d. | सुधा | IV. | गरल |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) a - IV, b - II, c - I, d - III
(B) a - I, b - III, c - II, d - IV
(C) a - II, b - III, c - I, d - IV
(D) a - III, b - IV, c - I, d - II
(E) अनुत्तरित प्रश्न

15 'धीरे - धीरे' में कौन-सा समास है?

(A) अव्ययीभाव
(B) कर्मधारय
(C) द्वन्द्व
(D) द्विगु
(E) अनुत्तरित प्रश्न

16 Ethanoic acid reacts with carbonates to form -

(A) Salt, nitrogen dioxide and water only
(B) Salt, carbon dioxide and water only
(C) Salt, ethane and water only
(D) salt and water only
(E) Question not attempted

एथेनॉइक अम्ल कार्बोनेटों के साथ अभिक्रिया करके बनाता है -

(A) केवल लवण, नाट्रोजन डाइऑक्साइड और जल
(B) केवल लवण. कार्बन डाइऑक्साइड और जल
(C) केवल लवण, एथेन और जल
(D) केवल लवण और जल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

17 The property of carbon which is responsible for the formation of long chains is called:

(A) Catenation
(B) Sublimation
(C) Carbonation
(D) Hydrogenation
(E) Question not attempted

कार्बन का वह गुण जो लम्बी श्रंखलाएँ बनाने के लिए उत्तरदायी है, कहलाता है:

(A) केटीनेशन (श्रंखला)
(B) उर्ध्वपातन (सब्लीमेशन)
(C) कार्बोनेशन
(D) हाइड्रोजनिकरण
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**18** The numbers 24, 34, 46, 48, $2x + 1$, $4x + 3$, 105, 110, 114, 123 are written in ascending order and the median is 77. The value of $x$ is:

यदि संख्याओं 24, 34, 46, 48, $2x + 1$, $4x + 3$, 105, 110, 114, 123 को बढ़ते क्रम (आरोह क्रम) में लिखा जाता है और उनका माध्यिका 77 है, तो $x$ का मान है:

(A) 20 (B) 22

(C) 25 (D) 30

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**19** There is 50% increase in an amount of money in 5 years, at simple interest. What will be the compound interest on ₹ 15,000 after 3 years at the same rate?

किसी राशि को जब साधारण ब्याज पर दिया जाता है, तो उसमें 5 वर्षों में 50% की वृद्धि होती है। उसी दर से ₹ 15,000 का तीन वर्षों के बाद चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा?

(A) ₹ 4,960 (B) ₹ 4,800

(C) ₹ 4,900 (D) ₹ 4,965

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**20** Two numbers are in ratio of 21:26. If 8 is added to each number, then new numbers are in ratio of 5:6. Find the ratio of numbers, if 2 is subtracted from each number.

दो संख्याएं 21:26 के अनुपात में हैं। यदि प्रत्येक में 8 जोड़ा जाए, तो नई संख्याओं का अनुपात 5:6 हो जाता है। यदि प्रत्येक संख्या से 2 घटाया जाए तो संख्याओं का अनुपात बताइए।

(A) 2:3 (B) 1:4

(C) 4:5 (D) 18:25

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**21** The angles of elevation of the top of a tower from two points A and B at distance p and q respectively, from the base of tower and in the same straight line with it are complimentary. The height of the tower is:

एक मीनार के आधार से दो बिन्दुओं A और B, जो क्रमशः मीनार के आधार से एक सीधी रेखा में p व q दूरी पर है, से मीनार के शीर्ष के उन्नयन कोण पूरक है। मीनार की ऊँचाई है:

(A) $p.q$ (B) $\sqrt{p.q}$

(C) $(pq)^{\frac{1}{3}}$ (D) $p\sqrt{q}$

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**22** Which of the following is the transistor's capacity of the first microprocessor produced by Intel Corporation?

निम्नलिखित में कौन सी इनटेल कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित पहले माइक्रोप्रोसेसर की ट्रांजिस्टर क्षमता है?

(A) 1700 (B) 1800

(C) 2300 (D) 2700

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**23** Which of the following command of excel will take you to the next workbook window?

एक्सेल का निम्न में से कौन सा कमांड आपको अगली वर्कबुक विंडो पर ले जाएगा?

(A) F6 / Shift + F6 (B) Ctrl + Page Up

(C) Ctrl +Shift + F6 / Tab (D) Ctrl + F6 / Tab

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

24 Which is the dialect of Kota, Bundi and Jhalawar region of Rajasthan?
(Choose the most appropriate option from below:)

(A) Wagadi (B) Malvi
(C) Hadoti (D) Bhili
(E) Question not attempted

राजस्थान के कोटा, बूंदी और झालावाड़ क्षेत्र की बोली कौन सी है?
(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) वागड़ी (B) मालवी
(C) हाड़ौती (D) भीली
(E) अनुत्तरित प्रश्न

25 In Rajasthan Bichchiyo, Lalar, Nokhila and Shikhar are:-

(A) Folk Dramas (B) Folk Songs
(C) Folk Dances (D) Playing Instruments
(E) Question not attempted

बिछियौ, लालर, नोखिला और शिखर राजस्थान के _________ हैं।

(A) लोक नाटक (B) लोक गीत
(C) लोक नृत्य (D) वाद्ययंत्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न

26 Who is worshipped as a warrior with spear in hand, or as a snake demigod in Rajasthan?

(A) Ramdevji (B) Gogaji
(C) Pabu ji (D) Devnarayan ji
(E) Question not attempted

राजस्थान में कौन हाथ में भाला लेकर एक योद्धा के रूप में या साँप देवता के रूप में पूजे जाते हैं?

(A) रामदेव जी (B) गोगा जी
(C) पबु जी (D) देवनारायण जी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

27 'जिसके समान दूसरा नहीं है, वह' इस विग्रह के लिए समस्तपद होगा-

(A) अपूर्व (B) अद्वितीय
(C) द्वैत (D) द्वापर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

28 'आठ वार नौ त्योहार' लोकोक्ति का अर्थ है-

(A) दुगुना लाभ (B) तालमेल न होना
(C) मौजमस्ती से जीवन बिताना (D) देखा-देखी परिवर्तन आना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

29 कार्यालयी पत्र में अधोलेख में प्रयुक्त होने वाला शब्द है-

(A) सेवा में (B) भवदीय
(C) श्रीमान (D) महोदय
(E) अनुत्तरित प्रश्न

30 A shopkeeper bought 6 articles for ₹ 5 and sold them at 4 articles for ₹ 6. Then what is his gain percent ?
किसी दुकानदार ने 6 वस्तुएं ₹ 5 में खरीद कर उन्हें ₹ 6 में 4 वस्तुओं के भाव से बेच दिया। अब बताइए, उसका लाभ प्रतिशत क्या रहा?

(A) 29% (B) 65%
(C) 72% (D) 80%
(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

31 Out of 2000 employees in an office, 52% are graduates. 60% of the employees are male and 50% of the male employees are graduates. Then how many female employees are graduates?
2000 कर्मचारी वाले कार्यालय में 52% स्नातक हैं। 60% कर्मचारी पुरुष है और 50% पुरुष कर्मचारी स्नातक हैं। कितनी महिला कर्मचारी स्नातक हैं?

(A) 410 (B) 430
(C) 440 (D) 460
(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

32 The value of $\log_9 27 + \log_{27} 9$ is:
$\log_9 27 + \log_{27} 9$ का मान है:

(A) 5/6 (B) 13/6
(C) 1/2 (D) 9/5
(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

33 Choose the ***most appropriate*** option to fill in the blanks:
Do you know _________ in London? Yes, my friend Arun lives _________ near London. But in case he is out of town, I will have ____________ to go.

(A) someone, x, somewhere (B) anyone, nowhere, nothing
(C) anybody, somewhere, nowhere (D) nobody, anywhere, something
(E) Question not attempted

34 Choose the ***most appropriate*** option to complete the sentence.
In an official letter the 'subject' is ______________.

(A) as long as possible (B) stretched and relevant
(C) brief, clear and relevant (D) vague and precise
(E) Question not attempted

35 Choose the ***most appropriate*** word to complete the given sentence:
I was advised not to loiter ___________ the streets after sunset.

(A) about (B) for
(C) with (D) to
(E) Question not attempted

36 अनेकार्थी शब्द 'पतंग' का निम्नलिखित में से एक अर्थ नहीं है-

(A) पक्षी (B) सूर्य
(C) बादल (D) फतिंगा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

37 क्रिया के अंत में लगने वाले प्रत्यय कहलाते हैं-

(A) तद्धित (B) तद्भव
(C) उपसर्ग (D) कृदन्त
(E) अनुत्तरित प्रश्न

38 'अपितु' शब्द में निहित उपसर्ग है-

(A) अ (B) अपि
(C) तु (D) उ
(E) अनुत्तरित प्रश्न

39 ‘Pangong Tso’ lake is situated in which of the following sub divisions of the Himalayas? (Choose the most appropriate option from below:)

(A) Himachal and Uttarakhand Himalayas
(B) Darjiling and Sikkim Himalayas
(C) Arunachal Himalayas
(D) Kashmir / Ladakh or Northwestern Himalayas
(E) Question not attempted

‘पैंगोंग त्सो झील’ हिमालय के निम्नलिखित में से किस उपखंड में पाई जाती है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) हिमाचल और उत्तराखंड हिमालय
(B) दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय
(C) अरुणाचल हिमालय
(D) कश्मीर / लद्दाख या उत्तर पश्चिमी हिमालय
(E) अनुत्तरित प्रश्न

40 Which is <u>not</u> a function of the State Human Rights Commission? (Choose the most appropriate option from below:)

(A) To undertake and promote research in the field of Human Rights.
(B) To discourage the efforts of Non-Governmental Organizations working in the field of Human Rights.
(C) To visit jails and study the living condition of inmates.
(D) To spread human rights literacy among the people.
(E) Question not attempted

राज्य मानवाधिकार आयोग का कौन-सा कार्य <u>नहीं</u> है? (निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) मानवाधिकार के क्षेत्र में अनुसंधान करना और बढ़ावा देना।
(B) मानवाधिकार के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों के प्रयासों को हतोत्साहित करना।
(C) जेलों का दौरा करना और कैदियों की जीवन स्थिति का अध्ययन करना।
(D) लोगों के बीच मानवाधिकार साक्षरता का प्रसार करना।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

41 By which Indian Constitutional Amendment the ‘Gram Sabha’ has been given a Constitutional Status?

(A) $72^{nd}$
(B) $73^{rd}$
(C) $74^{th}$
(D) $75^{th}$
(E) Question not attempted

किस संवैधानिक संशोधन द्वारा ग्रामसभा को संवैधानिक दर्जा दिया गया है?

(A) 72वाँ
(B) 73वाँ
(C) 74वाँ
(D) 75वाँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न

42 Who can remove the Governor of a State? (Choose the most appropriate option from below:)

(A) Chief Justice of India
(B) Chief Minister
(C) President
(D) Prime Minister
(E) Question not attempted

राज्य के राज्यपाल को कौन हटा सकता है? (निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(B) मुख्यमंत्री
(C) राष्ट्रपति
(D) प्रधानमंत्री
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**43** Choose the box that is similar to the box formed from the given sheet of paper.
कागज की दी गयी शीट (पेज) से बने बॉक्स का चयन कीजिए।



Choose the appropriate option given below:
नीचे दिए गए उपयुक्त विकल्प को चुनें:

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**44** Take the given statements to be true, even if they seem to be at variance from commonly known facts. Then decide which of the given conclusion logically follows from the given statements:

**Statements:** No magazine is newspaper.
Some newspapers are books.
All books are spoons.

**Conclusions:**
I. Some magazines are books.
II. Some newspapers are spoons.

(A) Only conclusion I follows.
(B) Only conclusion II follows.
(C) Both conclusions I and II follows.
(D) Neither conclusion I nor conclusion II follows.
(E) Question not attempted

दिए गए कथनों को सत्य मानें यद्यपि उनमें सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से असंगति पाई जाती हो, तब नीचे दिए गए कथनों से प्रदत्त तथ्यपूर्ण निष्कर्षों का निर्णय लें:

**कथन**:
कोई भी पत्रिका समाचार-पत्र नहीं है।
कुछ समाचार-पत्र पुस्तकें हैं।
सभी पुस्तकें चम्मच हैं।

**निष्कर्ष**:
I. कुछ पत्रिकाएं पुस्तकें हैं।
II. कुछ समाचार - पत्र चम्मच हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) दोनों निष्कर्ष I एवं II अनुसरण करता है।
(D) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**45** निम्नलिखित में से 'जलद-जलज' शब्द युग्म का संगत अर्थ है-

(A) हाथी - सरोवर (B) कपास - लहर

(C) बादल - कमल (D) समुद्र - हाथी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**46** The Preamble of the Indian Constitution starts with the phrase:

(A) "We the people of India"..... (B) With the name of God.....

(C) India a Sovereign, socialist..... (D) To secure all citizen of India.....

(E) Question not attempted

भारतीय संविधान की प्रस्तावना किस वाक्यांश से शुरू होती है?

(A) "हम भारत के लोग"..... (B) प्रभु के नाम के साथ.....

(C) भारत एक प्रभुत्वसंपन्न, समाजवादी..... (D) भारत के सभी नागरिकों की सुरक्षा.....

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**47** In 1983, which of the following Commission/Committee was appointed by the Central Government to examine and review the Centre-State relations in all spheres and recommend appropriate changes?

(A) Hanumanthaiya Commission (B) Sarkaria Commission

(C) Rajamannar Committee (D) Ashok Mehta Commission

(E) Question not attempted

1983 में, सभी क्षेत्रों में केंद्र-राज्य संबंधों की जांच और समीक्षा करने और उचित परिवर्तनों की सिफारिश करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा निम्नलिखित में से किस आयोग/समिति की नियुक्ति की गई थी?

(A) हनुमंतैया आयोग (B) सरकारिया आयोग

(C) राजमन्नार समिति (D) अशोक मेहता आयोग

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**48** Chairman of Rajasthan Public Service Commission is appointed by which one of the following?

(A) Chief Minister (B) Governor

(C) Chief Justice of High Court (D) Chairman UPSC

(E) Question not attempted

राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति निम्नलिखित में से किस के द्वारा की जाती है?

(A) मुख्यमंत्री (B) राज्यपाल

(C) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (D) अध्यक्ष यू पी एस सी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**49** Shri Lal Joshi, Phad artist, belongs to which place in Rajasthan?

(A) Bhilwara (B) Jaipur

(C) Sikar (D) Churu

(E) Question not attempted

फड़ कलाकार श्री लाल जोशी राजस्थान के किस स्थान से सम्बंधित हैं?

(A) भीलवाड़ा (B) जयपुर

(C) सीकर (D) चुरू

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**50** Select the incorrect statement in context of Bhils of Rajasthan and Govind Guru.

(A) For social and moral upliftment of the Bhils of Rajasthan, Govind Guru established the Samp Sabha.

(B) To keep them in Hinduism he started the Bhagat Movement.

(C) The Britishers felt that the objective of this social reform movement run by Govind Guru was the formation of a Bhil State.

(D) He organised monthly meetings of Samp Sabha on the Managarh Hills.

(E) Question not attempted

राजस्थान के भीलों और गोविंद गुरु के संदर्भ में असत्य कथन का चयन करें।

(A) गोविंद गुरु ने राजस्थान के भीलों के सामाजिक और नैतिक उत्थान के लिए सम्पसभा की स्थापना की।

(B) उन्हें हिंदू धर्म में बनाए रखने के लिए भगत आंदोलन शुरू किया।

(C) अंग्रेजों को लगा की गोविंद गुरु द्वारा चलाए गए इस सामाजिक सुधार आंदोलन का उद्देश्य भील राज्य का निर्माण है।

(D) उन्होंने सम्प सभा की मासिक बैठकें मानगढ़ पहाड़ी पर आयोजित की।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**51** The ancient name of Jaisalmer was ________.

(A) Vagad (B) Mand

(C) Hadoti (D) Shekhawati

(E) Question not attempted

जैसलमेर का प्राचीन नाम था-

(A) वागड़ (B) मांड

(C) हाड़ौती (D) शेखावाटी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**52** Select the incorrect statement about subtropical mountain forests. (Choose the most appropriate option from below:)

(A) These forests are found only in Rajasthan and Uttar Pradesh.

(B) Subtropical Mountain forests are found only in Mount Abu region in Rajasthan.

(C) In these forests, greenery is available permanently.

(D) These forests can be found in Sirohi which is situated in Rajasthan

(E) Question not attempted

उपोष्णकटिबंधीय पर्वतीय वनों के बारे में असत्य कथन का चयन करें। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) यह वन केवल राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं।

(B) उपोष्णकटिबंधीय पर्वतीय वन केवल राजस्थान के माउंट आबू क्षेत्र में पाए जाते हैं।

(C) इन वनों में हरियाली स्थायी रूप से उपलब्ध रहती है।

(D) यह वन सिरोही में पाए जाते हैं, जो कि राजस्थान में स्थित है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**53** Which of the following is the biggest geographical region ( area wise) of Rajasthan?

(A) Semi dry region (B) Aravali region

(C) Western desert plain region (D) Eastern plain region

(E) Question not attempted

निम्नलिखित में से राजस्थान का सबसे बड़ा भौगोलिक क्षेत्र (क्षेत्रफल के अनुसार) कौन सा है?

(A) अर्ध शुष्क क्षेत्र (B) अरावली क्षेत्र

(C) पश्चिमी मरुस्थलीय मैदानी क्षेत्र (D) पूर्वी मैदानी क्षेत्र

(E) अनुत्तरित प्रश्न

54 Which of the following Indian states/union territory has the highest number of wildlife sancturies?

(A) Himachal Pradesh (B) West Bengal

(C) Andaman and Nicobar Islands (D) Lakshadweep

(E) Question not attempted

निम्नलिखित में से भारत के किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में सबसे अधिक संख्या में वन्यजीव अभयारण्य हैं?

(A) हिमाचल प्रदेश (B) पश्चिम बंगाल

(C) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (D) लक्षद्वीप

(E) अनुत्तरित प्रश्न

55 What is Himalayan yew (Taxus Wallichiana)?

(A) A type of Tribe (B) A type of soil which is found in Himalayan region

(C) A folk song of Himachal Pradesh (D) A Medicinal tree

(E) Question not attempted

हिमालयन यू (टैक्सस वॉलिचियाना) क्या है?

(A) जनजाति का एक प्रकार (B) मिट्टी का एक प्रकार जो हिमालय क्षेत्र में पाया जाता है।

(C) हिमाचल प्रदेश का एक लोकगीत (D) एक औषधीय वृक्ष

(E) अनुत्तरित प्रश्न

56 Who became the second Indian to win a gold medal at the Asian Marathan Championship in 2024?

(A) Kartik Kumar (B) Srinu Bugatha

(C) Man Singh (D) Gopi T

(E) Question not attempted

एशियाई मैराथन चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय कौन बने?

(A) कार्तिक कुमार (B) स्रीनू बुगाथा

(C) मान सिंह (D) गोपी टी

(E) अनुत्तरित प्रश्न

57 Which country has emerged as the world's second largest producer of Mobile phones?

(A) Vietnam (B) Germany

(C) India (D) United States

(E) Question not attempted

कौन सा देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक देश बनकर उभरा है?

(A) वियतनाम (B) जर्मनी

(C) भारत (D) यूनाइटेड स्टेट्स

(E) अनुत्तरित प्रश्न

58 पारिभाषिक शब्द 'Valid' का उपयुक्त हिंदी अर्थ है-

(A) विधिमान्य (B) सुयोग्य

(C) अवैध (D) वृत्ति

(E) अनुत्तरित प्रश्न

59 Where is marble dumping yard in Rajasthan?

(A) Kishangarh (B) Bundi

(C) Kumbhalgarh (D) Bikaner

(E) Question not attempted

राजस्थान में मार्बल डम्पिंग यार्ड कहाँ है?

(A) किशनगढ़ (B) बूंदी

(C) कुम्भलगढ़ (D) बीकानेर

(E) अनुत्तरित प्रश्न

60 Mukhyamantri Laghu Vanijyik Vahan Swarojgar Yojna in Rajasthan has been notified on:

(A) 12 December 2021 (B) 11 October 2022
(C) 15 November 2023 (D) 19 December 2023
(E) Question not attempted

राजस्थान में मुख्यमंत्री लघु वाणिज्यिक वाहन स्वरोजगार योजना को कब अधिसूचित किया गया है?

(A) 12 दिसंबर 2021 (B) 11 अक्टूबर 2022
(C) 15 नवंबर 2023 (D) 19 दिसंबर 2023
(E) अनुत्तरित प्रश्न

61 As cited in the ancient text of Rajasthan that fort of Rajasthan where soldiers who were skilled in the planning and strategy of wars, lived in was called as – (Choose the most appropriate option from below:)

(A) Sahay Durg (B) Sainya Durg
(C) Parikh Durg (D) Paaridh Durg
(E) Question not attempted

जैसा कि राजस्थान के प्राचीन ग्रंथों में उल्लिखित है राजस्थान का वह किला जहाँ युद्ध की योजना और रणनीति बनाने में निपुण सैनिक रहते थे उसे कहा जाता था- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) सहाय दुर्ग (B) सैन्य दुर्ग
(C) पारीख दुर्ग (D) पारीध दुर्ग
(E) अनुत्तरित प्रश्न

62 People of which Civilization buried their dead with jewellery and ornaments?

(A) Gilund (B) Kalibangan
(C) Ahad (D) Bagor
(E) Question not attempted

किस सभ्यता के लोग अपने मृतकों को आभूषणों के साथ दफनाते थे?

(A) गिलून्ड (B) कालीबंगा
(C) आहड़ (D) बागोर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

63 Karpur Chand Kulish was the founder of which newspaper?

(A) Dainik Jagran (B) Punjab Kesari
(C) Rajasthan Kesari (D) Rajasthan Patrika
(E) Question not attempted

कर्पूर चंद कुलिश किस समाचार पत्र के संस्थापक थे?

(A) दैनिक जागरण (B) पंजाब केसरी
(C) राजस्थान केसरी (D) राजस्थान पत्रिका
(E) अनुत्तरित प्रश्न

64 Which of the following words has been added to the Preamble by the $42^{nd}$ Constitutional Amendment?

(A) Liberty (B) Equality
(C) Integrity (D) Fraternity
(E) Question not attempted

निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 42वें संविधान संशोधन द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया है?

(A) स्वतंत्रता (B) समानता
(C) अखंडता (D) बंधुत्व
(E) अनुत्तरित प्रश्न

65 Which of the following is a violation of Fundamental Rights in India? (Choose the most appropriate option from below:)

(A) Banning of tobacco products (B) Not paying minimum wages to workers

(C) Banning the use of loudspeaker after 9 pm (D) Delivering a speech

(E) Question not attempted

भारत में निम्नलिखित में से कौन सा मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)

(A) तम्बाकू उत्पाद पर प्रतिबंध लगाना (B) मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान न करना

(C) रात 9 बजे के बाद लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध लगाना (D) भाषण देना

(E) अनुत्तरित प्रश्न

66 Which of the following is shortcut command for print in MS Office?

एम एस ऑफिस में प्रिंट के लिए निम्न में से कौन सा शार्टकट कमांड है?

(A) Alt + P (B) Shift + P

(C) Ctrl + P (D) Alt + Ctrl + P

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

67 There is certain relationship between the two terms to the left of :: and the same relationship exists between the two terms to its right. Then find which option would replace the question mark?

:: के बायीं तरफ दो शब्द के मध्य कुछ संबंध है और यदि दायीं तरफ दोनों शब्दों के मध्य वहीं संबंध है, तब पता लगाइए कि प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर कौन सा विकल्प आ सकता है?

GKLP : QUVZ :: AEFJ :?

(A) KOPT (B) KLPT

(C) MOPT (D) MOTR

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

68 Select the most appropriately matched pair of crops.

(A) Wheat - Rabi- Sonara (B) Rice - Rabi- Basmati

(C) Maize - Rabi - Vijay (D) Rice - Kharif- Shakti

(E) Question not attempted

फसलों के सबसे उपयुक्त रूप से मेल किए गए जोड़े को चुनिए।

(A) गेंहूँ - रबी - सोनारा (B) चावल - रबी - बासमती

(C) मक्का - रबी - विजय (D) चावल - खरीफ - शक्ति

(E) अनुत्तरित प्रश्न

69 Who classified blood in different groups?

(A) Edward Jenner (B) Karl Landsteiner

(C) Louis Pasteur (D) Robert Koch

(E) Question not attempted

किसने रक्त को विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत किया?

(A) एडवर्ड जैनर (B) कार्ल लैन्डस्टीनर

(C) लुई पाश्चर (D) रोबर्ट कोच

(E) अनुत्तरित प्रश्न

70 Which of the following antibody is found more in mother's milk?

निम्नलिखित में से मां के दूध में कौन सा एन्टीबॉडी (प्रतिरक्षी) अधिकता में पाया जाता है?

(A) IgA (B) IgD

(C) IgG (D) IgM

(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**71** Match List-I with List-II:

| | List-I (Deficiency disease (name)) | | List-II (Symptoms of the disease) |
|---|---|---|---|
| a. | Pellagra | I. | Memory loss |
| b. | Beri-Beri | II. | Weakness in muscles and nerves |
| c. | Scurvy | III. | Appearance of dry scales on tongue and skin |
| d. | Riboflavinosis | IV. | Bleeding from gums |

सूची -I को सूची -II से सुमेलित कीजिए :

| | सूची -I (अपूर्णता रोग) | | सूची -II (रोग के लक्षण) |
|---|---|---|---|
| a. | पैलाग्रा | I. | स्मृति में क्षय (कमी) |
| b. | बेरी-बेरी | II. | पेशियों और नसों की दुर्बलता |
| c. | स्कर्वी | III. | जीभ और त्वचा पर शुष्क शल्कों का दिखाई देना |
| d. | राइबोफ्लेवीनोसिस | IV. | मसूढ़ों से रक्त स्राव |

Choose the most appropriate answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) a - III, b - II, c - IV, d - I
(B) a - II, b - III, c - I, d - IV
(C) a - IV, b - I, c - II, d - III
(D) a - I, b - II, c - III, d - IV
(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**72** If the lengths of diagonals of two squares are in the ratio 4:7, then the ratio of their areas is:
यदि दो वर्गों के विकर्णों की लम्बाई का अनुपात 4:7 हो, तो उनके क्षेत्रफलों का अनुपात है:

(A) 4:7
(B) 16:49
(C) 64:343
(D) 2:1
(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**73** Which of the following storage device can store maximum amount of data?

(A) Hard disk
(B) Floppy disk
(C) Compact disk
(D) Optical disk
(E) Question not attempted

निम्नलिखित में से कौन सा स्टोरेज डिवाइस अधिकतम मात्रा में डेटा स्टोर कर सकता है?

(A) हार्ड डिस्क
(B) फ्लॉपी डिस्क
(C) कॉम्पक्ट डिस्क
(D) ऑप्टिकल डिस्क
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**74** Which of the following is used for spell checking in excel?
एक्सेल में वर्तनी जाँच के लिए निम्न में से किसका उपयोग किया जाता है?

(A) F4
(B) F5
(C) F6
(D) F7
(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**75** Which of the following function displays current system date in spreadsheet?
निम्नलिखित में से कौन सा फंक्शन स्प्रेडशीट में वर्तमान सिस्टम दिनांक प्रदर्शित करता है?

(A) Today [ ]
(B) Today ( )
(C) Today { }
(D) Today @
(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

**76** Which of the following is NOT a character formatting in word processing tool?

(A) Font colour (B) Alignment

(C) Underline (D) Effects

(E) Question not attempted

निम्नलिखित में से कौन सा कैरेक्टर फार्मेटिंग वर्ड प्रोसेसिंग टूल नहीं है?

(A) फॉन्ट कलर (B) संरेखण

(C) रेखांकन (D) प्रभाव

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**77** The spread of which revolution enabled India to achieve self sufficiency in food grains?

(A) Green Revolution (B) Yellow Revolution

(C) Blue Revolution (D) White Revolution

(E) Question not attempted

किस क्रांति के प्रसार से भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में सक्षम हुआ ?

(A) हरित क्रांति (B) पीली क्रांति

(C) नीली क्रांति (D) सफेद क्रांति

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**78** Planning Commission was set up under the Chairmanship of-

(A) Prime Minister (B) President

(C) Vice President (D) Chief Minister

(E) Question not attempted

योजना आयोग की स्थापना किस की अध्यक्षता में की गई थी?

(A) प्रधानमंत्री (B) राष्ट्रपति

(C) उपराष्ट्रपति (D) मुख्यमंत्री

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**79** To protect goods produced in India from imports, Government made use of-

(A) Quotas (B) Tariffs

(C) Both Quotas and Tariffs (D) Neither Quotas nor Tariffs

(E) Question not attempted

भारत में उत्पादित वस्तुओं को आयात से बचाने के लिए सरकार ने किस का प्रयोग किया?

(A) कोटा (B) शुल्क

(C) कोटा और शुल्क दोनों (D) न तो कोटा न ही शुल्क

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**80** Choose the ***most appropriate*** option to fill in the blank:

Aditi has been working here _______________.

(A) since six months (B) six months ago

(C) six months before (D) for six months

(E) Question not attempted

**81** Choose the ***most appropriate*** passive form of the word: 'declare' to fill in the blank-

The old houses in town ______________unsafe by the authorities.

(A) declared (B) are declaring

(C) have been declared (D) declare

(E) Question not attempted

82 Choose the ***most appropriate*** option to fill in the blanks:

_________ postman's little boy said that he'd rather be _________ dentist than _____________ cardiologist, because ____________ dentists don't get called out at __________ night.

(A) x, a, a, a, the
(B) The, a, a, x, x
(C) A, the, the, a, x
(D) The, the a, x, x
(E) Question not attempted

83 Choose the word which is similar in meaning to RELINQUISH

(A) residue
(B) offensive
(C) persist
(D) abandon
(E) Question not attempted

84 Integrated circuits (ICs) are related to which generation of computers?

(A) First Generation
(B) Second Generation
(C) Third Generation
(D) Fourth Generation
(E) Question not attempted

इंटीग्रेटेड सर्किट (ICs) किस जनरेशन के कम्प्यूटर से संबंधित है?

(A) प्रथम जनरेशन
(B) द्वितीय जनरेशन
(C) तृतीय जनरेशन
(D) चतुर्थ जनरेशन
(E) अनुत्तरित प्रश्न

85 India- Japan 5th edition Joint Military Exercise 'DHARMA GUARDIAN' commenced in which state of India?

(A) Andhra Pradesh
(B) Rajasthan
(C) Tamil Nadu
(D) Himachal Pradesh
(E) Question not attempted

भारत जापान 5वाँ संस्करण संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्मा गार्जियन' भारत के किस राज्य में शुरू हुआ?

(A) आंध्र प्रदेश
(B) राजस्थान
(C) तमिलनाडु
(D) हिमाचल प्रदेश
(E) अनुत्तरित प्रश्न

86 Which of the following team emerged champion of the Santosh Trophy (2023-24)?

(A) Goa
(B) Manipur
(C) Mizoram
(D) Services
(E) Question not attempted

निम्नलिखित में से कौन सी टीम संतोष ट्रॉफी (2023-24) की चैंपियन बनी?

(A) गोवा
(B) मणिपुर
(C) मिजोरम
(D) सर्विसेज
(E) अनुत्तरित प्रश्न

87 In India General elections for 18th Lok Sabha were completed in how many phases?

भारत में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव कितने चरणों में पूर्ण हुए?

(A) 4
(B) 6
(C) 7
(D) 8
(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

88 In which Indian state the rare butterfly 'Neptis Philyra' has been discovered?

(A) Uttarakhand
(B) Arunachal Pradesh
(C) Himachal Pradesh
(D) Jammu and Kashmir
(E) Question not attempted

दुर्लभ तितली 'नेप्टिस फिलायरा' की खोज भारत के किस राज्य में की गई है?

(A) उत्तराखंड
(B) अरुणाचल प्रदेश
(C) हिमाचल प्रदेश
(D) जम्मू और कश्मीर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

89 In the figure given below, PQR is a triangle. QR is parallel to PM. If QR=PR, then what is the value of ∠RPM?

नीचे दी गई आकृति में PQR एक त्रिभुज है। QR , PM के समानान्तर है। यदि QR=PR है, तब ∠RPM का मान क्या होगा?




(A) 70° (B) 80°
(C) 100° (D) 95°
(E) Question not attempted / अनुत्तरित प्रश्न

90 The point A (13, 18), B (-5, 10), C (-13, -8) and D (5, 0) taken in that order are the vertices of a ________.
(A) Rectangle (B) Trapezium
(C) Square (D) Rhombus
(E) Question not attempted

बिन्दु A (13, 18), B (-5, 10), C (-13, -8) एवं D (5, 0) को उसी क्रम में लेने पर वे _________ के शीर्ष हैं।
(A) आयत (B) समलंब चतुर्भुज
(C) वर्ग (D) समचतुर्भुज
(E) अनुत्तरित प्रश्न

91 Select the incorrecty matched pair of National Park and the state. (Choose the most appropriate option from below:)
(A) Bandipur National Park - Karnataka (B) Satpura National Park - Tamil Nadu
(C) Kevla Dev National Park - Rajasthan (D) Kajiranga National Park - Assam
(E) Question not attempted

राष्ट्रीय उद्यान तथा राज्य के बेमेल जोड़े का चयन करें। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें:)
(A) बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान-कर्नाटक (B) सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान-तमिलनाडु
(C) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान-राजस्थान (D) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान-असम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

92 Select the method used for calculation of real value of good seed.

